Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 14-12-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title: Need to provide uninterrupted power supply to Chhattisgarh and other states from Central pool.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सभापति महोदय, छत्तीसगढ़ एवं अनेक राज्यों में केन्द्रीय सरकार द्वारा विद्युत के पूल में कटौती की जा रही है। यदि मैं केवल छत्तीसगढ़ की बात करूं, तो अकेले छत्तीसगढ़ राज्य में 300 मैगावाट बिजली की कटौती की जा रही है जिससे वहां के नागरिकों को बहुत कठिनाई हो रही है। राजस्थान एवं अन्य प्रदेशों में भी ऐसा ही किया गया है जिससे वहां के नागरिकों को तीन-चार घंटे तक बिजली से वंचित रहना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं को तीन-चार घंटे तक बिजली नहीं मिलने से बहुत परेशानी हो रही है जिससे वे केन्द्र सरकार से अत्यधिक नाराज हैं। वहां के जो उद्योग हैं वे बिजली की कमी के कारण नहीं चल रहे हैं और उद्योगपतियों को अरबों रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। गांवों में रहने वाले लोग रात में अंधेरे में काटते हैं और वहां के किसानों को भी अपने ट्यूबवैलों को चलाने के लिए चार-पांच घंटे बिजली नहीं मिल रही है जिससे उनकी खेती बर्बाद हो रही है। वहां किसानों ने कहीं सब्जी बो रखी है कहीं गेहूं, लेकिन पानी नहीं मिलने के कारण उन्हें बहुत नुकसान हो रहा है।

महोदय, छत्तीसगढ़ में पिछले दिनों भी अकाल की स्थिति थी और बिजली नहीं होने के कारण किसानों को अपनी खेती हेतु सिंचाई का पानी नहीं मिल सका जिसके कारण उन्हें बहुत आर्थिक घाटा उठाना पड़ा। इसलिए मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ को केन्द्रीय पूल से दी जा रही बिजली में जो कटौती की जा रही है, उसे तुरन्त बन्द करें और पूरी विद्युत सप्लाई करें जिससे वहां के आम नागरिक, किसान और उद्योगपतियों को कठिनाई न हो, उनका आर्थिक घाटा पूरा हो और वहां का अंधेरा दूर हो सके। मैं आशा करूंगा कि केन्द्रीय मंत्री महोदय से मेरी इस प्रार्थना पर अवश्य ध्यान देंगे और तत्काल वहां बिजली की पूरी आपूर्ति कराएंगे।